सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
www.centralbankofindia.co.in — Build a better life around us.

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

दिनांक 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक के परिणाम

प्रमुख विशेषताएं – तिमाही 1 वित्त वर्ष’22

- बेहतर प्रदर्शन के साथ, बैंक ने वर्ष-दर-वर्ष आधार पर ₹ 135 करोड़ (53%) की तुलना में ₹ 206 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया है और 31 मार्च '21 को तिमाही-दर-तिमाही आधार पर ₹ 1349 करोड़ के नुकसान की स्थिति को परिवर्तित कर दिया है.
- परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर ₹ 1291 करोड़ से मामूली रूप से घटकर ₹ 1179 करोड़ (-8.68%) हो गया और तिमाही आधार पर ₹ 688 करोड़ से बढ़कर ₹ 1179 करोड़ (71.37%) हो गया.
- निवल एनपीए वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 6.76% से बढ़कर 5.09% हो गया, जिसमें 167 बीपीएस का सुधार अर्जित किया गया और तिमाही - दर - तिमाही आधार पर 5.77% से 5.09% तक 68 बीपीएस का सुधार अर्जित किया गया.
- प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 79.12% से बढ़कर 84.28% हो गया, जिसमें 516 बीपीएस का सुधार अर्जित किया गया और तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 82.54% से 84.28% तक 174 बीपीएस का सुधार अर्जित किया गया.

लाभप्रदता

- शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 30 जून'21 को ₹2135 करोड़ पर लगभग एकसमान रही, जबकि 30 जून'20 को यह ₹2146 थी और तिमाही आधार पर ₹1516 करोड़ से ₹2135 करोड़ (40.83%) तक सुधार हुआ.
- परिचालन लाभ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर ₹ 1291 करोड़ से मामूली रूप से घटकर ₹ 1179 करोड़ (-8.68%) हो गया और तिमाही आधार पर ₹ 688 करोड़ से बढ़कर ₹ 1179 करोड़ (71.37%) हो गया.
- लागत आय अनुपात वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 54.79% से घटकर 59.39% हो गया, जिसमें 460 बीपीएस की गिरावट दर्ज की गई. हालांकि, तिमाही आधार पर 71.57 % से 59.39% तक सुधार हुआ और 1218 बीपीएस का सुधार अर्जित किया गया.
- जमा की लागत वर्ष-दर-वर्ष आधार पर तिमाही 1'22 के दौरान 4.70% से 3.93% (77 बीपीएस) और तिमाही आधार पर 4.00% से 3.93% (7 बीपीएस) तक घट गई.

- एमसीएलआर और आरबीएलआर में कमी के कारण तिमाही 1'22 के दौरान अग्रिमों पर प्रतिफल 7.30% से घटकर 6.55% (75 बीपीएस) हो गया है. हालांकि, तिमाही आधार पर 157 आधार अंकों की वृद्धि अर्जित करते हुए यह 4.98% से बढ़कर 6.55% हो गया है.
- प्रति कर्मचारी व्यवसाय तिमाही 1'22 में ₹15.03 करोड़ से बढ़कर ₹16.00 करोड़ हो गया है और तिमाही-दर-तिमाही आधार पर ₹15.64 करोड़ से बढ़कर 16.00 करोड़ हो गया है.

आस्ति गुणवत्ता

- वर्ष-दर-वर्ष आधार पर सकल एनपीए 18.10% से बढ़कर 15.92% हो गया, जिसमें 218 बीपीएस का सुधार दर्ज किया गया और तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 16.55% से 15.92% तक 63 बीपीएस का सुधार दर्ज किया गया.
- निवल एनपीए वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 6.76% से बढ़कर 5.09% हो गया, जिसमें 167 बीपीएस का सुधार दर्ज किया गया और तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 5.77% से 5.09% तक 68 बीपीएस का सुधार दर्ज किया गया.
- प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 79.12% से बढ़कर 84.28% हो गया, जिसमें 516 बीपीएस का सुधार दर्ज किया गया और तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 82.54% से 84.28% तक 174 बीपीएस का सुधार दर्ज हुआ.
- वर्ष-दर-वर्ष आधार पर तिमाही 1'21 की तुलना में तिमाही 1'22 के दौरान ऋण लागत 1.16 प्रतिशत से बढ़कर 0.17% हो गई.
- तिमाही 1'22 के दौरान स्लिपेज अनुपात बढ़कर 0.95% हो गया, जो तिमाही 1'21 के दौरान 0.02% था क्योंकि जून' 20 तिमाही में कोविड़ -19 महामारी के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा इस हेतु स्थगन दिया गया था.

पूंजी :

- वर्ष-दर-वर्ष आधार पर सीआरएआर 11.50% से बढ़कर 14.88% हो गया, जिसमें 338 बीपीएस का सुधार अर्जित किया गया और तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 7 बीपीएस का सुधार दर्ज करते हुए यह 14.81% से 14.88% हो गया.

- बैंक की निवल संपत्ति 30 जून 2020 के ₹18660.50 करोड़ से बढ़कर 30 जून 2021 को स्टैंडअलोन आधार पर ₹22921.43 करोड़ हो गई है.

डिजिटल बैंकिंग :

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
www.centralbankofindia.co.in Build a better life around us.

- एडीसी (वैकल्पिक वितरण चैनल) के माध्यम से डिजिटल लेनदेन की हिस्सेदारी जून 2021 को समाप्त 12 महीनों की अवधि के दौरान बढ़कर 78.39% हो गई, जो जून 2020 को समाप्त इसी अवधि में 70.79% थी.
- 30 जून 2021 तक सक्रिय डेबिट कार्ड उपयोगकर्ता 2.66 करोड़ हैं.

शाखा संवर्गीकरण :

- 30 जून 2021 तक ग्रामीण और अर्द्ध -शहरी क्षेत्रों में 63.91% (2936 शाखाओं), 3427 एटीएम और कुल टच पॉइंट 15039 के साथ 7018 बीसी पॉइंट्स में फैली 4594 शाखाओं के नेटवर्क के साथ बैंक की अखिल भारतीय उपस्थिति है.

व्यवसाय वैशिष्ट्य :

- 30 जून 2021 को कुल कारोबार ₹506712 करोड़ था, जबकि साल-दर-साल ₹497748 करोड़ में ₹8964 करोड़ (1.80%) की वृद्धि दर्ज की गई थी.
- तिमाही 1'22 के दौरान कुल जमाराशियां ₹ 10231 करोड़ (3.18%) की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 321252 करोड़ से बढ़कर ₹ 331483 करोड़ हो गयी.
- कुल मूल जमाओं में कासा की हिस्सेदारी वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 47.30% से बढ़कर 49.20 प्रतिशत हो गई है, जिसमें 190 आधार अंकों की वृद्धि अर्जित की गई है.